# पर्यावरण व जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाएं : डॉ. यादव

- मां के नाम हरियाली का महाअभियान- इंदौर में 21 लाख पौधों और 51 हजार जल संरचनाओं का लक्ष्य
- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बीएसएफ परिसर से किया शुभारंभ
- वीर जवानों का सम्मान, इंदौर को ग्रीन सिटी बनाने का संकल्प



नवभारत न्यूज़

**इंदौर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चल रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के दूसरे चरण के तहत रविवार को इंदौर में 21 लाख पौधारोपण और 51 हजार वर्षा जल संचयन संरचनाओं के निर्माण के महाअभियान का शुभारंभ हुआ. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बीएसएफ परिसर स्थित ग्राम बुढ़ानिया में फलदार पौधा लगाकर अभियान की शुरुआत की. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण और जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाया जाए.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मां अहिल्या की नगरी इंदौर ने हमेशा सेवा, संस्कृति और जनभागीदारी का उदाहरण प्रस्तुत किया है. उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने जल संरक्षण को जनआंदोलन का रूप दिया है. गुड़ी पड़वा से 30 जून तक चलाए गए विशेष अभियान में प्रदेशभर में कुओं, बावड़ियों, तालाबों, नदियों और अन्य जल स्रोतों के संरक्षण का व्यापक कार्य किया गया है.

**वीर जवानों के शौर्य को मिला सम्मान:** कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान साहस का परिचय देने वाले बीएसएफ जवान रवि चौहान और रामेंद्र सिंह का सम्मान किया गया. दोनों जवानों ने अपने साथियों की जान बचाते हुए गंभीर चोटें झेलीं और 60 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता का सामना किया। मुख्यमंत्री ने दोनों जवानों को दो-दो लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया. इसके अलावा देपालपुर में डिफेंस एकेडमी संचालित कर युवाओं को सेना में भर्ती के लिए प्रेरित करने वाले सेना के एक सेवानिवृत्त अधिकारी को भी दो लाख रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई.

**हर व्यक्ति लगाए एक पौधा: कैलाश विजयवर्गीय:** नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व भी है. उन्होंने लोगों से कम से कम एक पौधा लगाने का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि यह अभियान आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित और हरित भविष्य का संकल्प है. उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शुरू हुए इस अभियान में इंदौर लगातार अग्रणी भूमिका निभा रहा है. पिछले वर्ष शहर में 12.40 लाख पौधे लगाए गए थे, जबकि इस बार 21 लाख पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है.

**इंदौर ने पौधारोपण को बनाया जनआंदोलन: हेमंत खंडेलवाल:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि एक पौधा लगाना बड़ी बात नहीं है, लेकिन लाखों पौधे लगाने का संकल्प लेकर उसे सफल बनाना बड़ी उपलब्धि है. उन्होंने कहा कि इंदौर ने पहले 51 लाख, फिर 12 लाख और अब 21 लाख पौधारोपण का लक्ष्य लेकर पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप दिया है. खंडेलवाल ने कहा कि किसी अभियान को लगातार वर्षों तक चलाना और समाज की भागीदारी सुनिश्चित करना इंदौर की सबसे बड़ी ताकत है. प्रदेश की आर्थिक दिशा तय करने वाला इंदौर अब पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास के क्षेत्र में भी नई पहचान बना रहा है. उन्होंने विश्वास जताया कि विकास और पर्यावरण के संतुलन के साथ इंदौर आने वाले वर्षों में देश के अग्रणी हरित शहरों में शामिल होगा.

**जल संरक्षण पर भी रहेगा विशेष फोकस: भार्गव:** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ जल संरक्षण को भी अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया है. मुख्यमंत्री की पहल पर इंदौर में वर्षा जल संचयन और जल स्रोतों के संरक्षण के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं. उन्होंने बताया कि हरियाली और जल संवर्धन के इन प्रयासों से इंदौर पर्यावरणीय दृष्टि से और अधिक सशक्त बनेगा. कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन और पौधारोपण को जनआंदोलन बनाने का सामूहिक संकल्प लिया.

### राम-लक्ष्मण की जोड़ी और ग्रीन सिटी का संकल्प

एक पेड़ मां के नाम अभियान में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर को क्लीन सिटी के साथ ग्रीन सिटी बनाया जा रहा है. उन्होंने प्रह्लाद पटेल और कैलाश विजयवर्गीय की जोड़ी को राम-लक्ष्मण की तरह अमर बताते हुए कहा कि मंत्री तुलसीराम सिलावट भी हर कदम पर साथ हैं. मुख्यमंत्री ने आकाश विजयवर्गीय को अपना भतीजा बताते हुए आयोजन की सराहना की. वहीं, कैलाश विजयवर्गीय ने हल्के फुल्के मजाकिया अंदाज में कहा कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव आजकल उनकी बैठकों में नहीं आते और काफी व्यस्त रहते हैं.

# महिला अधिकारी हत्याकांड : रातभर दबिश, फिर भी हाथ नहीं आया आरोपी पति

- संभावित ठिकानों और रिश्तेदारों के यहां पुलिस की तलाश जारी

नव भारत न्यूज

**इंदौर. मनोरमागंज की डाक कुंज कॉलोनी में महिला डाक अधिकारी उर्मिला सैनी की हत्या के दूसरे दिन भी आरोपी पति अखिलेश सैनी पुलिस की पकड़ से दूर है. पुलिस ने शनिवार रात उसके संभावित ठिकानों और रिश्तेदारों के यहां दबिश दी, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला. जांच में यह भी सामने आया है कि वारदात के बाद वह बेटी के स्कूल पहुंचा था और उसे यह कहकर चला गया कि उसकी मां किसी जरूरी काम से बाहर गई है.**

जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली है. अधिकारियों का मानना है कि इससे आरोपी की मूवमेंट का पता लगाने में मदद मिल सकती है. शुरुआती जांच में पति द्वारा पत्नी के चरित्र पर संदेह किए जाने की बात भी सामने आई है, जिसे पुलिस जांच का हिस्सा बनाकर पड़ताल कर रही है. उर्मिला सैनी का शव घर के लिविंग रूम में खून से लथपथ मिला था.

### जल्द गिरफ्तारी की उम्मीद है...

एसीपी, नीति दंडोतिया ने बताया कि आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है. संभावित ठिकानों और रिश्तेदारों के यहां भी पुलिस पहुंची है. सीसीटीवी फुटेज समेत सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और जल्द गिरफ्तारी की उम्मीद है.

# स्लॉटर हाउस मामले में निगम के खिलाफ अवमानना याचिका

**इंदौर. शहर में आधुनिक स्लॉटर हाउस (बूचड़खाना) का निर्माण नहीं होने पर नगर निगम के खिलाफ हाई कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की गई है. याचिका में वर्ष 2017 में दिए गए न्यायालय के आदेश का करीब नौ साल बाद भी पालन नहीं किए जाने का हवाला दिया है. मामले में सोमवार को हाई कोर्ट में सुनवाई प्रस्तावित है.**

याचिका पाड़ा मांस विक्रेता संघ की ओर से दायर की गई है, इसमें कहा गया है कि स्लॉटर हाउस निर्माण को लेकर वर्ष 2016 में दायर याचिका पर हाई कोर्ट ने 24 अप्रैल 2017 को नगर निगम को सभी वैधानिक औपचारिकताएं और आवश्यक एनओसी पूरी कर आधुनिक स्लॉटर हाउस के निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए थे. याचि का आरोप है कि न्यायालय के स्पष्ट निर्देश के बावजूद अब तक न तो स्लॉटर हाउस का निर्माण हो सका और न ही आदेश का पालन किया. इसी आधार पर नगर निगम के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की गई है, जिस पर सोमवार को हाई कोर्ट में सुनवाई होगी.

# जुआ खेल रहे 6 आरोपी धराए

**इंदौर.** शहर में जुआ और सट्टे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खजराना और देपालपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया है. खजराना पुलिस ने राजीव नगर स्थित बड़ी पानी की टंकी के पास दबिश देकर जुआ खेल रहे अनिल सरिया, सुनील बारोदिया, संदीप, सुनील जाटव, ईश्वर और जीवन को रंगे हाथों पकड़ लिया. पुलिस ने मौके से नकदी और ताश के पत्ते जब्त कर सभी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया. वहीं, देपालपुर पुलिस ने बड़ेनियानाका क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए खीरखेड़ा निवासी सुनील पिता चंदरसिंह अग्रवाल को सट्टा लगाते गिरफ्तार किया. उसके पास से सट्टा पर्चियां और नकदी बरामद हुई. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की है.

## एक नजर में

### वेटेरिनरी कॉलेज महू का 72वां स्थापना दिवस मनाया



**महू.** पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, महू का 72वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार को एलुमिनी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में उत्साहपूर्वक मनाया गया. समारोह नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा के संरक्षण में संपन्न हुआ. इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं ने एक पेड़ गुरु के नाम अभियान के तहत 100 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. बी.पी. शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की उपलब्धियों एवं विभिन्न शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों की जानकारी दी. अध्यक्षता भारतीय पशु चिकित्सा परिषद, नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. उमेश चंद्र शर्मा ने की. इस अवसर पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई. इसमें पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम, मध्यप्रदेश के कार्यपालिक संचालक डॉ. प्रवीण शिंदे ने वेटेरिनरी एंटरप्रेन्योर: प्लेबुक फॉर द इंडियन लाइवस्टॉक इकोनामी विषय पर व्याख्यान दिया. अतिरिक्त उपसंचालक भोपाल डॉ. अनुपम अग्रवाल ने भी विभागीय योजनाओं एवं आधुनिक तकनीकों पर अपने विचार व्यक्त किए. समारोह में एलुमिनी एसोसिएशन के सचिव डॉ. राकेश शारदा ने एलुमिनी एसोसिएशन अवार्ड की घोषणा की तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पूर्व छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया. संचालन डॉ. निधि श्रीवास्तव ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. नीतू राजपूत ने किया. इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं, पूर्व शिक्षकों, वर्तमान शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही.

### श्री चक्की वाले महादेव की भव्य राजसी पालकी यात्रा 3 अगस्त को



**महू.** श्री चक्की वाले बाबा पालकी भक्त मंडल एवं सेवा समिति (रजि.) महू के तत्वावधान में आगामी 3 अगस्त को सावन मास के प्रथम सोमवार के पावन अवसर पर श्री चक्की वाले महादेव की पारंपरिक भव्य राजसी पालकी यात्रा एवं नगर भ्रमण का आयोजन किया जाएगा. प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बाबा की राजसी सवारी नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से वैभवपूर्ण तरीके से निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है. समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष का आयोजन बेहद ऐतिहासिक और विशेष होने जा रहा है. यात्रा के इतिहास में पहली बार श्री चक्की वाले महादेव भक्तों को पांच अलग-अलग दिव्य स्वरूपों में दर्शन देंगे. इन स्वरूपों में मुख्य रूप से श्री महाकाल सेहरा दर्शन, श्री उमा महेश, श्री चंद्रमोलेश्वर, श्री मनमहेश एवं श्री चक्की वाले महादेव के विग्रह शामिल रहेंगे. बाबा के इन अलौकिक रूपों के दर्शन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं. राजसी पालकी यात्रा के दौरान देश के प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा भजन-कीर्तन की प्रस्तुतियां दी जाएंगी. इसके साथ ही धार्मिक प्रसंगों पर आधारित सजीव और आकर्षक झांकियां, ढोल-ताशे, और पारंपरिक नृत्य दल इस यात्रा के मुख्य आकर्षण होंगे.

# पप्पू नाइट्रा तक खरगोन से पहुंची थी पिस्टल, रिमांड में दो नाम आए और सामने

**इंदौर.** परदेशीपुरा के कुख्यात बदमाश पप्पू नाइट्रा उर्फ रामनरेश ठाकुर से बरामद 32 बोर की पिस्टल की जांच अब इंदौर से निकलकर खरगोन तक पहुंच गई है. पुलिस रिमांड के दौरान हुई पूछताछ में दो ऐसे नाम सामने आए हैं, जिन पर पप्पू और उसके साथियों को हथियार उपलब्ध कराने का आरोप है. पुलिस ने दोनों को आरोपी बनाकर उनकी तलाश शुरू कर दी है. पुलिस का मानना है कि उनकी गिरफ्तारी के बाद अवैध हथियारों की सप्लाई से जुड़े बड़े नेटवर्क का खुलासा हो सकता है.

ज्ञात हो कि किशनगंज पुलिस ने पप्पू नाइट्रा, गुलरेज शेख और ध्रुव को पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया था. पूछताछ में तीनों ने बताया कि हथियार खरगोन निवासी दारासिंह और प्रवीण से लिया था. इसके बाद दोनों को भी प्रकरण में शामिल कर लिया है. अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि पिस्टल इन तक कहां से पहुंची और इससे पहले किन किन लोगों को हथियार उपलब्ध कराए. पुलिस को संदेह है कि यह सिर्फ एक हथियार की खरीद फरोख्त का मामला नहीं, बल्कि अवैध हथियारों की सप्लाई से जुड़े नेटवर्क की कड़ी हो सकता है. इसी वजह से पूछताछ का दायरा बढ़ाया है और दोनों फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं.

### पप्पू नाइट्रा पर पहले से दर्ज हैं कई आपराधिक मामले

किशनगंज थाना प्रभारी, अमित कुमार के अनुसार, पप्पू नाइट्रा पर परदेशीपुरा थाने में पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और उसका नाम थाने की गुंडा सूची में भी शामिल है. पप्पू नाइट्रा और उसके साथियों से पूछताछ में हथियार सप्लाई करने वाले दो लोगों की जानकारी मिली है, दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही है. उनकी गिरफ्तारी के बाद अवैध हथियारों की सप्लाई से जुड़े नेटवर्क के बारे में और जानकारी मिलने की उम्मीद है.

# साइबर ठगी : एक ही मोबाइल नंबर से रची जा रही थीं कई वारदातें

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** साइबर ठग एक ही मोबाइल नंबर और मोबाइल हैंडसेट का इस्तेमाल कर अलग अलग लोगों को ठगी का शिकार बना रहे थे. राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर आई शिकायतों के तकनीकी विश्लेषण में इसका खुलासा होने के बाद क्राइम ब्रांच ने ऐसे 15 मोबाइल नंबर और 13 मोबाइल हैंडसेट (आईएमईआई) ब्लॉक करवा दिए. जांच में सामने आया कि इन नंबरों का इस्तेमाल दो या उससे अधिक साइबर अपराधों में किया था.

क्राइम ब्रांच की जांच में पता चला कि इन्हीं मोबाइल नंबरों के जरिए शेयर ट्रेडिंग और क्रिप्टोकरेंसी में निवेश का झांसा देकर, केवाईसी अपडेट कराने, पार्ट टाइम जॉब का लालच देने और क्रेडिट कार्ड बंद होने की बात कहकर लोगों से लाखों रुपए की ठगी की गई. शिकायतों का मिलान करने पर एक ही नंबर और आईएमईआई बार बार अलग अलग मामलों में सामने आए, जिसके बाद इनके खिलाफ तकनीकी कार्रवाई कर इन्हें ब्लॉक कराया.

जांच एजेंसियों का मानना है कि साइबर ठग एक नंबर बंद होने पर दूसरा नंबर सक्रिय कर लेते हैं, लेकिन तकनीकी विश्लेषण के जरिए ऐसे नेटवर्क तक पहुंचना अब पहले की तुलना में आसान हो रहा है. इसी वजह से क्राइम ब्रांच लगातार संदिग्ध मोबाइल नंबरों और आईएमईआई पर नजर रख रही है. इससे पहले भी साइबर अपराधों में इस्तेमाल होने वाले बड़ी संख्या में मोबाइल नंबर और फर्जी डिजिटल पहचानें ब्लॉक कराई जा चुकी हैं.

### अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक पर भरोसा नहीं करना चाहिए...

डीसीपी क्राइम, राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि एनसीआरपी पोर्टल पर मिलने वाली शिकायतों का लगातार तकनीकी विश्लेषण किया जाता है. जिन मोबाइल नंबरों और आईएमईआई का इस्तेमाल एक से अधिक साइबर अपराधों में सामने आता है, उनके खिलाफ तत्काल ब्लॉकिंग की कार्रवाई कराई जाती है. लोगों को भी किसी अनजान कॉल, निवेश के झांसे या संदिग्ध लिंक पर भरोसा नहीं करना चाहिए.

# हनुमान मंदिर के पीछे गांजा बेचने की फिराक में खड़े दो तस्कर दबोचे

नव भारत न्यूज

**इंदौर. राऊ पुलिस ने दो शातिर गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है. दोनों आरोपी गांजे की छोटी छोटी पुड़िया बनाकर क्षेत्र में सप्लाई करते थे. पुलिस ने उनके कब्जे से 2.400 किलोग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी कीमत करीब 65 हजार रुपए आंकी गई है. आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उनसे सप्लाई नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है.**

### आरोपियों से 2.4 किलो गांजा जब्त



शैडो एरिया चेकिंग के दौरान पीथमपुर रोड स्थित आईआईएम कॉलेज के सामने हनुमान मंदिर के पीछे सुनसान इलाके में दो संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगे. घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया. पूछताछ में उनकी पहचान भोलाराम उर्फ सुभाष उम्र 36 साल और गोलू उर्फ गोल्डी उम्र 24 साल निवासी नयापुरा, रंगवासा, राऊ के रूप में हुई. तलाशी लेने पर दोनों के पास से 2.400 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ.

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे गांजे की पुड़िया बनाकर आसपास के क्षेत्र में बेचते थे. पुलिस अब यह पता लगा रही है कि गांजा कहां से लाया जाता था और किन-किन लोगों तक इसकी सप्लाई की जाती थी. जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी भोलाराम उर्फ सुभाष आदतन अपराधी है. उसके खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं.

### सप्लाई चेन और नेटवर्क की जांच कर रहे है...

डीसीपी जोन 1, नरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों द्वारा गांजे की पुड़िया बनाकर क्षेत्र में सप्लाई करना सामने आया है. मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है तथा गांजे के स्रोत और सप्लाई नेटवर्क की जांच की जा रही है.

# दो महिलाओं से की छेड़छाड़

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में महिलाओं से छेड़छाड़ के दो अलग अलग मामलों में हीरानगर और बाणगंगा पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. हीरानगर थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती की पहचान करीब एक वर्ष पहले कॉल सेंटर में इंटरव्यू के दौरान अवनीश यादव से हुई थी.**

दोनों के बीच सोशल मीडिया के जरिए बातचीत होती थी. युवती का आरोप है कि 9 जून को अवनीश उसके कमरे पर पहुंचा. वह किचन में चाय बना रही थी, तभी आरोपी पीछे से आया और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा. विरोध करने पर उसने आरोपी को धक्का देकर बाहर निकाल दिया. घटना के बाद युवती मानसिक रूप से परेशान होकर अपने घर चली गई थी. इंदौर लौटने पर उसने शनिवार को हीरानगर थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने छेड़छाड़ का प्रकरण दर्ज किया है.

वहीं, बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने नंदबाग निवासी अंकित साहनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है. महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी काफी समय से उसका पीछा कर बातचीत का दबाव बना रहा था. शनिवार सुबह वह बेटी को स्कूल छोड़ने जा रही थी, तभी आरोपी ने बाइक से उसका रास्ता रोक लिया. आरोप है कि उसने महिला का हाथ पकड़कर अश्लील हरकत की. विरोध करने पर आरोपी धमकी देकर फरार हो गया. घटना की जानकारी पति को देने के बाद दोनों ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है.

**एक नजर में** 201 शराबी चालकों पर केस, 222 वारंट तामील, दो हथियारबंद गिरफ्तार

# रातभर चला पुलिस का मेगा ऑपरेशन, 511 बदमाशों पर कार्रवाई

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ इंदौर पुलिस ने शनिवार रविवार की दरमियानी रात मेगा अभियान चलाया. देर रात से सुबह तक चली विशेष चेकिंग के दौरान 511 बदमाशों और संदिग्धों पर कार्रवाई की गई. अभियान में 222 से अधिक लंबित वारंट तामील किए गए, जबकि शराब पीकर वाहन चलाने वाले 201 चालकों पर भी कार्रवाई हुई.**

पुलिस ने अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले 17 लोगों और मादक पदार्थ का सेवन करते मिले तीन लोगों के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किए. वहीं, अलग अलग थाना क्षेत्रों में एक चाकू और एक खंजर के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई. कार्रवाई के दौरान आदतन अपराधियों को थानों में बुलाकर उनके डोजियर अपडेट किए और दोबारा अपराध करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई. शहर के संवेदनशील इलाकों, हॉटस्पॉट और शैडो एरिया में ड्रोन से निगरानी के साथ पैदल गश्त भी की गई. पुलिस ने क्षेत्र में जनसंवाद कर लोगों को साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, नशे के दुष्परिणाम और यातायात नियमों के प्रति भी जागरूक किया.



**ड्रोन से निगरानी, नशाखोरों और हथियारबंद आरोपियों पर भी कार्रवाई :** अभियान के दौरान पुलिस ने शहर के हॉटस्पॉट और शैडो एरिया में ड्रोन के जरिए निगरानी रखी. सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते मिले 17 लोगों और मादक पदार्थ का सेवन करते पाए गए तीन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए. अलग अलग थाना क्षेत्रों में चाकू और खंजर के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई. डीसीपी क्राइम, राजेश त्रिपाठी ने बताया कि वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी, अवैध गतिविधियों पर अंकुश और सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी सख्ती से कार्रवाई कर रही है. लोगों से भी कानून का पालन करने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील है.

### 222 से ज्यादा वारंट तामील, 60 आदतन बदमाशों पर भी शिकंजा

विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने विभिन्न मामलों में 222 से अधिक लंबित वारंट तामील किए. इनमें 56 स्थायी, 61 गिरफ्तारी और 105 जमानती वारंट शामिल हैं. वहीं आदतन अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ भी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए 60 लोगों पर विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई. सभी को भविष्य में किसी भी आपराधिक गतिविधि में शामिल नहीं होने की सख्त हिदायत दी गई.